# अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## शाजापुर : जनपद अध्यक्ष लपेटे में, भाजपा अध्यक्ष को पुरानी कॉलोनी का मिला लाभ

**शाजापुर, 3 अगस्त. छोटे भू-माफियाओं और अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ कालापीपल थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है. जिस अवैध कॉलोनी में 100 से ज्यादा प्लॉट बिके, उन पर एफआईआर नहीं और जिसने एक प्लॉट बेचा, उस पर दर्ज हुई एफआईआर.**

वहीं दूसरी ओर एक ही जुर्म के लिए दो सजाएं मिली हैं अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजरों को पहले जुर्माना ठोका और अब एफआईआर दर्ज की. शुजालपुर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा प्रकरण क्रमांक 3 वर्ष 2025-26 भरतसिंह पिता खुशीलाल, तनप्रीत सिंह पिता दलजीत सिंह के भूमि सर्वे क्रमांक 313, 377 की अवैध कॉलोनी में 30 प्लॉट विक्रय करने के मामले में पहले जुर्माना किया गया और अब उनके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. इसी प्रकार पानखेड़ी नगर परिषद अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल की पत्नी नीना अग्रवाल और सोनिया पति सतीश अग्रवाल को भी शुजालपुर एसडीएम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की गई थी. जिसका भूमि सर्वे 385 है. इनके द्वारा 102 प्लॉट बेचे गए हैं. जनपद अध्यक्ष के परिजन और नगर परिषद अध्यक्ष के परिजनों ने नोटिस के जवाब में लिखा था कि ग्राम पंचायत का यह नियम ग्राम पंचायत पानखेड़ी पर लागू नहीं होता है, क्योंकि ये अस्तित्व में नहीं थी. वर्ष 2007-8 में ये भूखंड विक्रय किए गए थे. नगर परिषद अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल के परिजन व जनपद अध्यक्ष भोजराज पंवार के परिजन दोनों का जवाब एक जैसा था, लेकिन जनपद अध्यक्ष के परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. क्योंकि जनपद अध्यक्ष के परिजनों ने नई जमीन लेकर हाल ही में भूखंड बेचे थे. लेकिन नप अध्यक्ष के परिजनों के खिलाफ एफआईआर इसलिए दर्ज नहीं की गई, क्योंकि उन्होंने 2016 के पहले कॉलोनी काटी थी.

### इनके खिलाफ हुई एफआईआर...

अवैध कॉलोनी के मामले में पुलिस ने कमल पिता घनश्याम सोनी, पवन पिता विष्णु सोनी, रानी पति सुरेश सोनी, दिनेश पिता सोहनलाल सांकला, ऋतु पति दिनेश शर्मा, ममता बाई पति अशोक परमार, राकेश पिता हेमराज सोनी, अशोक कुमार पिता धन्नालाल पाटीदार, धन्नालाल पिता पूरणमल सेन, भरत पिता खुशीलाल परमार, तनप्रीत सिंह पिता दलजीत सिंह, वल्लभ पिता गंगाप्रसाद पाटीदार, राकेश पिता सुभाष सिंह मेवाड़ा, नारायण पिता मूलचंद गेहलोत, लक्ष्मीनारायण पिता भोजराज पाटीदार के खिलाफ नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों के विपरित नगरीय क्षेत्र में अवैध कॉलोनी का निर्माण करने पर एफआईआर दर्ज की.

> गौरतलब है कि शुजालपुर अनुभाग अंतर्गत शुजालपुर एसडीएम पर दो कॉलोनाइजरों ने आरोप लगाया था कि दो पर एफआईआर हुई, बाकी को छोड़ दिया. इस मामले को नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था. खबर के बाद जो कॉलोनाइजर बच गए थे, उनमें से कुछ के खिलाफ बीती रात कालापीपल थाने में एफआईआर दर्ज की गई. लगभग 1 दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. जिन अवैध कॉलोनाइजरों पर एफआईआर हुई है, उन सब ने मिलकर अपनी-अपनी कॉलोनियों में कुल 105 प्लॉट विक्रय किए हैं. और जिनके खिलाफ एफआईआर नहीं की गई है, उन अवैध कॉलोनाइजरों की कॉलोनी में लगभग 462 प्लॉट बिके हैं.

नगर परिषद पानखेड़ी सीएमओ से प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था, जिस पर एफआईआर दर्ज की गई है. और प्रतिवेदन जैसे ही प्राप्त होंगे, आगामी कार्यवाही की जाएगी.

- **निमेष देशमुख**, एसडीओपी

# रोड किनारे खड़े युवकों को बस ने कुचल दिया

### ग्वालियर के झांसी रोड बस स्टेंड के पास की घटना

**ग्वालियर, 3 अगस्त. सड़क किनारे खड़े दो युवकों में ड्राइवर ने तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुए उनमें टक्कर मार दी. बस की टक्कर से एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल है जिसका इलाज चल रहा है.**

घटना के बाद आरोपी बस चालक मौके से भाग निकला. घटना झांसी रोड बस स्टेंड के समीप सखा विलास रोड पर कपिल मोटर्स के सामने की है. पुलिस ने मर्ग का मामला कायम कर हादसे की जांच शुरु कर दी है. रंजीत गुर्जर पुत्र जितेन्द्र गुर्जर तथा लोकेश कुशवाह पुत्र महेश कुशवाह निवासी टाटा मोटर्स के पास विक्की फैक्ट्री काम समाप्त करके अपने घर जा रहे थे. रंजीत व लोकेश सखा विलास होते हुए रेल पटरी किनारे के रास्ते से होते हुए घर की तरफ पैदल निकले ही थे कि सामने की तरफ से बस क्रमांक यूपी 83 एटी-3532 तेजी से आ रही थी. अचानक ड्राइवर का संतुलन बस से हट गया और उसने सड़क किनारे पैदल घर जा रहे लोकेश कुशवाह तथा रंजीत गुर्जर को अपनी चपेट में ले लिया. हादसा होते ही मौके पर भगदड़ मच गई और चीख-पुकार होने लगी. लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई.

# 155 करोड़ की विकास योजनाओं का शुभारंभ

### मुख्यमंत्री यादव बोले 'यह तो सिर्फ बानगी है'

**उज्जैन, 3 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास का प्रकाश हर वर्ग तक पहुँचे, यही हमारी सरकार की प्राथमिकता है. हम सभी को साथ लेकर विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं.**



रविवार को कालीदास अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 155 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 8 नवीन सेतुओं और 2 मार्गों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकास कार्य उज्जैन की तस्वीर बदल देंगे और वर्ष 2028 के सिंहस्थ महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा देंगे. उन्होंने इसे विकास की बानगी बताते हुए कहा कि अभी तो पूरी फिल्म बाकी है, प्रदेश के हर कोने में परिवर्तन की बयार बह रही है.

इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति सुश्री कलावती सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.

### राखी भेंट की

कार्यक्रम के दौरान बहनों ने मुख्यमंत्री को राखी भेंट की, जिस पर उन्होंने भावुक होकर कहा कि सरकार बहनों के मान-सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर काम कर रही है. उन्होंने आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान की घोषणा की, जो 2 से 15 अगस्त तक चलेगा. मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को जवाब दिया है. उन्होंने लोकतंत्र पर प्रश्न उठाने वाले विरोधियों को चेताया कि देश अब यह सब बर्दाश्त नहीं करेगा.

# विरासत बचाओ अभियान

**सीतामऊ।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश चंद्र रावट ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने श्रीराम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा सरस कुंवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामऊ को विलोपित (बंद) करने के निर्देश जारी किए हैं। छोटी काशी कही जाने वाली सीतामऊ की ये दोनों शैक्षणिक संस्थाएँ न केवल नगर की पहचान हैं, बल्कि उनके पूर्व छात्र देश-विदेश में नगर का नाम रोशन कर चुके हैं। रावट के अनुसार, यदि विद्यालय बंद हुए तो सीतामऊ की वैश्विक पहचान पर सीधा आघात पड़ेगा।

# मां के प्रेमी ने ही की थी बच्चों की हत्या

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोला राज, 12 घंटे में पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

**देवास, 3 अगस्त. ढांचा भवन क्षेत्र में शनिवार सुबह दो मासूम बच्चों की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने महज 12 घंटे में सनसनीखेज खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. जांच में सामने आया कि बच्चों की हत्या मां के प्रेमी ने ही की थी.**

जानकारी के अनुसार, मृतक 7 वर्षीय हेमंत और 3 वर्षीय निशा पिता विष्णु कटारा, मूलत: जिला भिंड के निवासी थे. बच्चों की मां प्रिया यादव वर्तमान में पीथमपुर की एक निजी कंपनी में कार्यरत थी और पति से अलग रह रही थी. पीथमपुर में ही उसकी मुलाकात ट्रक ड्राइवर लोकेंद्र मालवीय से हुई थी, जिसके साथ उसके प्रेम संबंध बन गए. करीब डेढ़ माह पूर्व प्रिया बच्चों के साथ देवास आकर ढांचा भवन क्षेत्र में किराए से रहने लगी थी. घटना वाली रात पास ही रहने वाले राकेश के बेटे का जन्मदिन था. पार्टी में शामिल होने के बाद लोकेंद्र प्रिया के कमरे में रुका. देर रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद प्रिया पड़ोस में चली गई. इस दौरान आरोपी लोकेंद्र कमरे में बच्चों के साथ अकेला रहा और उसने तकिए से मुंह दबाकर मासूमों की हत्या कर दी. इसके बाद शवों को कंबल से ढककर मौके से चला गया. जब प्रिया ने बच्चों को जगाने की कोशिश की तो वे मृत अवस्था में पाए गए. तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया.

> पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने बताया कि फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर लोकेंद्र मालवीय को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई. पहले तो आरोपी गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की गहराई से जांच जारी है.

# पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

## वारदात के बाद शव के साथ रातभर सोता रहा आरोपी

- बच्चे के सामने दिया घटना को अंजाम
- रोजाना शराब पीना का आदी था आरोपी

**शिवपुरी, 3 अगस्त. एक नशेड़ी पति ने अपनी पत्नी केसरबाई की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी, वो भी उसके 11 साल के बेटे के सामने. सबसे डरावनी बात यह रही कि हत्या के बाद आरोपी पति मृतका के शव के पास पूरी रात सोता रहा, जबकि बच्चा भय और सदमे से कांपता रहा.**



स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी हरिराम आदिवासी हर रोज शराब पीकर घर लौटता था. घरेलू हिंसा, झगड़े और गाली-गलौच उसका रोज का व्यवहार बन चुका था. रात में जब वो शराब के नशे में धुत होकर घर आया, तो पत्नी के साथ विवाद ने खतरनाक मोड़ ले लिया. गुस्से में आकर उसने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और ताबड़तोड़ वार कर पत्नी की हत्या कर दी

11 साल का बेटा उस वक्त घर में ही था. उसने अपनी मां को तड़पते और मरते हुए देखा. लेकिन वह इतना डर गया कि पूरी रात न तो रो पाया, न कुछ बोल पाया, बस चुपचाप कांपता रहा. आरोपी पिता ने बेटे के सामने ही लाश के पास रात बिताई. सुबह होते ही जब हरिराम घर से निकला, तो बेटे ने पड़ोसियों को पूरी सच्चाई बताई. पड़ोसियों की सूचना पर मायापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. आरोपी हरिराम को कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया.

# बस का पहिया मिट्टी में फंसने से पलटी, 7 घायल

**शहडोल, 3 अगस्त. पपौंध थाना क्षेत्र के निपनिया वन चौकी के पास यात्री बस पलट गई.**

हादसे में बस चालक समेत 7 लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की स्थिति गंभीर है. रात करीब 10.30 बजे दीपक कंपनी की बस ब्यौहारी से सरसी गांव जा रही थी. निपानिया वन चौकी के पास टर्निंग पर चालक ने बस को सड़क से उतार दिया. इससे बस का अगला पहिया मिट्टी में फंस गया. वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया. घटना के समय हल्की बारिश हो रही थी. हादसे के बाद बस में चीख- पुकार मच गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी.थाना प्रभारी पपौंध बृजेंद्र मिश्रा अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला. बस में करीब 18 यात्री सवार थे, जिनमें से 7 लोगों को चोटें आईं. घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. गंभीर रूप से घायल एक यात्री को सिविल अस्पताल भेजा गया है. हादसे में बस चालक भी घायल हुआ है. बचाव कार्य के बाद पुलिस ने जेसीबी की सहायता से बस को मौके से हटाया. पुलिस के अनुसार, बारिश के कारण बचाव कार्य में कुछ कठिनाइयां आईं.

# अधीक्षक हॉस्टल में नहीं रुक रहे

## शासन के आदेश के बावजूद भी कर रहे अनदेखी

**बागली, 3 अगस्त. आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पलासी में शासन द्वारा गरीब लड़कियों के उच्च रहन-सहन और शैक्षणिक व्यवस्था के लिए आदिवासी कन्या आश्रम संचालित किया जा रहा है.**

कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक 55 छात्राओं का शैक्षणिक स्तर सुधारने के लिए शासन द्वारा हॉस्टल अधीक्षक सहित तीन अन्य शिक्षकों की व्यवस्था की है. जिसमें दो पुरुष शिक्षक एवं एक महिला शिक्षिका अवकाश वाले दिन छोड़कर प्रतिदिन हॉस्टल में निवासरत छात्राओं को पढ़ाने के लिए आते हैं. लेकिन अधिकतर समय यहां पर पदस्थ हॉस्टल अधीक्षक शाम के समय अपने निवास स्थान बागली चली जाती है. जबकि कार्यालय आयुक्त जनजाति कार्य मध्य प्रदेश द्वारा 13 फरवरी 2025 को लिखित आदेश जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि छात्रावास एवं आश्रम परिसर में अधीक्षक का रहना अनिवार्य है शासन स्तर पर लिए गए निर्णय अनुसार यह सुनिश्चित किया जाए कि विभाग संचालित प्रत्येक छात्रावास में अधीक्षक स्वयं निवास करेंगे और छात्रावास में रात्रि विश्राम भी अधीक्षकों द्वारा किया जाना अनिवार्य है.

> अधीक्षक छात्रावास में निवास और रात्रि विश्राम नहीं करते उन्हें अधीक्षक पद के दायित्व से तत्काल मुक्त कर छात्रावास में योग्य अधीक्षक की पदस्थापना करने के निर्देश हैं. शनिवार को घटी घटना में इस अनियमितता की पोल खुल गई मामला यूं हुआ शनिवार रात 10 बजे हॉस्टल मैं अध्यनरत और निवासरत छोटी बच्चियों जोर-जोर से रोने और चिल्लाने लगी जिसकी पुष्टि हॉस्टल के सामने रहने वाले परिजनों ने भी की है. कुछ देर चिल्लाने के बाद राह चलने वाले लोग रुक कर देखने लगे आखिर क्या हो गया है.

# हरियाली तीज के पावन पर्व पर माहेश्वरी महिला मंडल ने लगाया पेड़

**धार** माहेश्वरी महिला मंडल की महामंत्री रक्षा परवाल ने बताया कि हरियाली तीज के पावन उत्सव पर महिला मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम शिव विहार कॉलोनी के शिव मंदिर में बेलपत्र का पौधा लगाया गया संरक्षक सुनीता महेश्वरी ने बताया कि पेड़ द्वारा ऑक्सीजन जीव जंतु को भोजन छांव पानी आदि हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी चीजों को देता है हर परिवार द्वारा एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए मंडल अध्यक्ष संगीता राठी ने बताया कि कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी हमें आज भी यह संदेश देती है की हर परिवार या सदस्य ने एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए इस अवसर पर माहेश्वरी समाज संरक्षक सुनीता माहेश्वरी स?गिता राठी अलका सोमानी शशि झवर रूपा धूत रक्षा परवाल पदमा पलोड आयुषी परवाल स्वाति परवाल शिखा परवाल सपना धूत मिनु धूत रानु धूत श्वेता लड्ढा भूमिका लड्ढा भविका सोमानी आदि उपस्थित थे उपरोक्त जानकारी रक्षा परवाल ने दी।



छायाचित्र पौधारोपण करते हुए ।

# जिला अस्पताल में फर्श पर मरीजों का इलाज

### मस्तिक ज्वर, डायरिया का प्रकोप

### निजी क्लीनिकों में भी मरीजों की भीड़

**सिंगरौली, 3 अगस्त. जल जनित बीमारियों का इन दिनों काफी असर देखने को मिल रहा है. आलम यह है कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में उमड़ी मरीजों की भीड़ के चलते बेड के अभाव के चलते फर्स पर ही मरीजों का इलाज किया जा रहा है.**



इन दिनों मस्तिक ज्वर के साथ-साथ डायरिया का प्रकोप मरीजों में देखा जा रहा है. जहां अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिकों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है.

गौरतलब है कि मौसम परिवर्तन के चलते इस समय डायरिया, मस्तिक ज्वर के अलावा सर्दी-जुकाम तेजी से फैल रहा है. अगर एक घर में किसी को इसका असर हुआ तो परिवार के प्रत्येक सदस्य इसके चपेट में आ रहे हैं. मौसम परिवर्तन के बदौलत यह संक्रमण की बीमारी फैल रही है. जिसके चलते जिला अस्पताल के साथ-साथ निजी क्लीनिको में मरीजो की भारी भीड़ देखने को मिल रही है. यहां तक कि चिकित्सको के यहां इतनी भीड़ उमड़ रही है कि मरीजों को देखने तक का फूर्सत नहीं मिल पा रही है.

> जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की साफ-सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संविदाकार को सौपी गई है. तब से जिला चिकित्सालय की व्यवस्था पूरी तरीके से बेपटरी पर पहुंच गई है. हालात तो इस तरह खराब हो चुके हैं कि जगह-जगह गंदगी फैली हुई है. गंदगी के चलते हालात बिगड़ गया है. बताया जाता है कि ट्रामा सेंटर की दूसरी व तीसरी मंजिल की साफ-सफाई भगवान भरोसे चल रही है. कहने के तो सफाई कर्मी बैठी रहती हैं, लेकिन गंदगी वार्डो के सामने देखने को मिल रही हैं.

# कोतवाली के सामने ही स्कूटी के साथ पकड़ी शराब

### पैकारी कराने ले जा रहा था युवक शराब


**सिंगरौली, 3 अगस्त. पिछले माह 15 से 30 जुलाई तक डीजीपी पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया गया था.**

भगवती मानव कल्याण संगठन ने कोतवाली पुलिस के सामने एक स्कूटी से दो कार्टून देशी-विदेशी शराब पकड़ा है. जानकारी के अनुसार आज दिन रविवार की शाम करीब 4 बजे कोतवाली बैढ़न के सामने वाली मार्ग से एक स्कूटी वाहन क्रमांक एपी 66 एस 6459 गुजर रही थी और किसी कार्य के लिए भगवती मानव कल्याण के संगठन के लोग किसी काम से पहुंचे थे. तभी स्कूटी में दो कार्टूनों पर उनकी नजर पड़ी. स्कूटी वाहन को पकड़कर चालक आरोपी राजेश सिंह निवासी बिहार से पूछतांछ कर कार्टून को लाया गया. जहां उसमें देशी-विदेशी शराब निकली. चालक ने उक्त संगठन को बताया कि यह शराब बैढ़न के लायसेंसी दुकान से खरीदकर पैकारी के लिए ले जाया जा रहा था. उसने यह भी बताया कि यह आये दिन का काम है. उक्त शराब एवं चालक को कोतवाली पुलिस को सुपुर्द कर दिया. कुल शराब 750 एमएल की 24 बोतल थी.

**सुनवाई नहीं** ▶ 50 हजार का लोन, पीड़ित ने ठगी की जताई आशंका

# बिना कर्ज लिए बैंक ने बना दिया कर्जदार

**मंडला, 3 अगस्त. जिले में लगातार ठगी के मामलों का खुलासा हो रहा है और पुलिस की सक्रियता से कई आरोपी सलाखों के पीछे हैं. इसी कड़ी में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें बिना कर्ज लिए ही एक व्यक्ति के नाम पर बैंक द्वारा 50 हजार रुपये का कर्ज दर्ज कर दिया गया है.**




यह मामला सकवाहपुरवा निवासी गगन कछवाहा से जुड़ा है, जो बीते दो वर्षों से इस गड़बड़ी से परेशान है. गगन कछवाहा ने जब एक बैंक में कर्ज के लिए आवेदन दिया तो उनकी सिबिल रिपोर्ट में सामने आया कि उनके नाम पर आईडीबीआई बैंक, मंडला शाखा में खाता क्रमांक 163265110000532 के जरिए 50 हजार रुपये का ऋण दर्ज है. जबकि पीड़ित का स्पष्ट कहना है कि न तो उन्होंने यह कर्ज लिया है, न ही उस बैंक में उनका कोई खाता संचालित है, और न ही वह किसी का गारंटर बने हैं.

जब इस मामले की शिकायत संबंधित बैंक से की गई तो प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि त्रुटि सुधार ली जाएगी. मगर दो साल बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है. पीड़ित का आरोप है कि लिखित आवेदन बैंक ने स्वीकार नहीं किया, जिसके बाद उन्होंने डाक के माध्यम से शिकायत प्रेषित की. गगन कछवाहा ने एसपी से हुई शिकायत के दौरान यह भी सवाल उठाया कि क्या ऐसी ठगी की घटनाओं पर पुलिस कब संज्ञान लेगी?

> इस अनजाने कर्ज की वजह से गगन को अन्य बैंकों से कर्ज या अन्य लाभ नहीं मिल पा रहे हैं. अब उन्होंने पुलिस अधीक्षक एवं बैंक के उच्चाधिकारियों को शिकायत पत्र भेजकर मांग की है कि यह जांच की जाए कि उनके नाम पर यह कर्ज किसने और कैसे लिया. साथ ही उनके नाम से दर्ज कर्ज को हटाकर दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए. पीड़ित की शिकायत पर बैंक ने आवेदन तो ले लिया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है.

# कटनी-पन्ना मार्ग पर सड़क हादसा, एक युवक की मौत, 2 गंभीर

**कटनी 3 अगस्त.** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटनी-पन्ना मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी. घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है कुठला थाना क्षेत्र के घांग्री गांव के निवासी उदयभान सिंह रामस्वरूप चौधरी और आनंद चौधरी बाइक से पेट्रोल पंप से वापस लौट रहे थे. जब वह खडोला गांव के पास पहुंचे, तो शाहनगर की तरफ से आ रहे अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी.

# मल्टी में युवक की संदिग्ध मौत 3 दिन बाद कमरे से मिला शव

- फ्लैट से तेज दुर्गंध आने पर लोगों ने दी पुलिस को सूचना
- दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया

**देवास 3 अगस्त. शहर के चाणक्यपुरी क्षेत्र में स्थित मल्टी में उस समय सनसनी फैल गई जब एक फ्लैट से तेज दुर्गंध आने पर रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने जब दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, तो वहां 40 वर्षीय सुरेश नामक व्यक्ति का शव पड़ा मिला.**

स्थानीय लोगों के अनुसार, सुरेश को पिछले तीन दिनों से किसी ने नहीं देखा था. जब उसके फ्लैट से बदबू आने लगी, तो रहवासियों ने संदेह के चलते तत्काल पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया.

मृतक सुरेश अकेला रहता था. उसका एक भाई और मां हैं, जो शहर में अलग निवास करते हैं. प्रथम दृष्टया मामला मौत के बाद तीन दिन तक शव कमरे में पड़े रहने का है, लेकिन मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी. फिलहाल मामला संदिग्ध मौत का दर्ज कर जांच की जा रही है.

# महिला को बातों में उलझाकर अज्ञात युवकों ने मंगलसूत्र छीना

**दतिया 3 अगस्त.** इंदरगढ़ कस्बे में दिनदहाड़े वृद्ध महिला को बातों में उलझाकर अज्ञात युवकों ने उनसे मंगलसूत्र छीन लिया. घटना इंदरगढ़ के मेन बाजार की है. मीडिया को जानकारी देते हुए वृद्ध महिला ने बताया कि वह काम से लौट रही थी तभी दो लोगों ने उनसे कुछ पूछा, फिर अचानक से उनका मंगलसूत्र खींच ले गये. महिला का रो रो कर बुरा हाल है. महिला का नाम श्रीकुंवर बाल्मिकी है जो इंदरगढ़ निवासी है. स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम जांच में जुटी है. बता दें आए दिन ऐसी वारदातें सामने आ रही है.